भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2615

जिसका उत्तर 22.12.2022 को दिया जाना है

आंध्र प्रदेश में सड़क परियोजनाएं

2615. श्री मद्दीला गुरूमूर्ति:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को विजयवाड़ा के पूर्वी भाग में बाइपास सड़क के लिए आंध्र प्रदेश से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या विशाखापत्तनम पत्तन से ऋषिकोंडा और भीमिली होते हुए भोगपुरम तक छह लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) : जी, हां।

(ख) : आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार ने विजयवाड़ा के पूर्वी भाग में बाइपास का निर्माण करने का अनुरोध किया था। मंत्रालय ने प्रस्तावित बाइपास के किनारे खाली पड़ी सरकारी जमीन को मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को नि:शुल्क सौंप दिए जाने का सुझाव दिया था जिसके लिए आंध्र प्रदेश सरकार ने सहमति दे दी है। तदनुसार, कृष्णा नदी पर प्रमुख पुल के निर्माण सहित राष्ट्रीय राजमार्ग (रा.रा.)-16 पर 40 कि.मी. लंबे विजयवाड़ा शहर के पूर्वी बाइपास के निर्माण के लिए व्यवहार्यता/ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अध्ययन शुरू किया गया है।

(ग) : जी, हां।

(घ) : ऋषिकोंडा से भीमिली होते हुए भोगपुरम में कंटेनर टर्मिनल से राष्ट्रीय राजमार्ग-16 तक के खंड के लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य शुरू किया गया है।

*****